हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 8 जून 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला


तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री


13 हरिद्वार से आए ज्योति पुंज दीपक का सुहेला...





14 आदिवासी महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की नई राह









## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 6 जून 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में संतोष डहरिया पिता हीरालाल डहरिया, निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा एवं दुखिया बाई ध्रुव पति स्व. दुकाल सिंह, निवासी ग्राम धौराभाठा, तहसील भाटापारा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के रामसागर तालाब के पानी मे डूबने एवं सर्पदंश से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक की प्रदेश कार्यकारिणी भंग

**बलौदा बाजार** । राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक की छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । जारी परिपत्र के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष कमल बांधे सहित संबंधित सभी पदाधिकारियों को पदमुक्त कर दिया गया है । साथ ही निवर्तमान सभी पदाधिकारियों को आग्रह किया गया है कि किसी भी पदाधिकारियों के द्वारा इंटक संगठन का नाम कहीं भी उल्लेखित नहीं किया जाए और ना ही इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं पर आदेश जारी की गई है कि विभाग से संबंधित सभी दस्तावेज आगामी 15 जून के पूर्व प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में जमा किया जाए । परिपत्र के हवाले कहा जा रहा है। कि किसी के भी द्वारा आदेश का उल्लंघन किये जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जारी परिपत्र के अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी नवीन कमेटी का पुनर्गठन एक माह के भीतर किया जाएगा । यह आदेश पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष डांक्टर अशोक चौधरी ने जारी किया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध, हुई कार्रवाई

**महासमुंद**। ग्राम चनाट में मुर्गा दुकान में शराब पीने पिलाने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में आरोपी रूखमण पटेल पिता युधिष्टिर पटेल (32 साल) निवासी टांगापासा के धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद**। कुटेला ओवरब्रिज एनएच 53 रोड सरायपाली के पास 6 जून की सुबह लगभग 4 बजे ट्रक की टक्कर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में कार सवारों को चोट नहीं आई है। खरखरी के राजकुमार प्रधान बरगढ़ (ओडिशा) से अपने घर पतेरापाली छोटे भाई संजय प्रधान की कार क्रमांक सीजी 06 जीएफ 1770 से योगेश बारिक और राजेश तांडी के साथ आ रहे थे। कार कुटेला ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 11 एस 2981 के चालक ने टक्कर मार दिया, घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# नौतपा में जमकर बरसा आसमान, मानसून आने के समय उगल रहा आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

- सड़कें हो गईं वीरान गली-मोहल्लों में पसरा रहा सन्नाटा

नौतपा में गर्मी करने के बजाय लगातार बारिश होती रही जिसे मौसम खुशनुमा रहा। लोगों को इस वर्ष नौतपा की आग उगलती गर्मी से राहत मिली। वही दो दिनों से लोग उमसभरी गर्मी और तेज धूप से परेशान नजर आ रहे हैं। 7 जून दिन शनिवार को तेज धूप और गर्मी से सड़क वीरान रहा। हालांकि समय-समय पर आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जा रही है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। दो दिन पहले हुई हल्की बारिश के बाद से लगातार लोग उमसभरी गर्मी से हलाकान हो रहे है। आसमान पर बादल तो छाए लेकिन बरस नहीं रहे है, जिससे उमस बढ़ गई है, लोग बेहाल है। प्री मानसून की बारिश नहीं होने और मानसून में देरी से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विभाग की माने तो मानसून आने में तीन-चार दिन लग सकता है। जून महीने का दूसरा सप्ताह चल रहा है, लेकिन आम जनमानस को गर्मी से राहत नहीं मिल पाई है। इस बार नवतपा में खूब बारिश हुई, जिसके बाद तेज़ धूप निकल रहे है, लोगों की चुभन भरी गर्मी का एहसास हो रहा है। वही, समय-समय पर आसमान में काले बादल छाने के बाद भी बारिश नहीं हो रही है।

## धूप और उमसभरी गर्मी से लोग दिनभर रहे हलाकान



### कूलर- पंखा हो रहे बेअसर

टोनाटार के विष्णु कोसले, पिंकू कुलेश्वर वर्मा, संजय रजक, शंकर रजक, अक्षय रजक, चंद्र प्रकाश साहू, गेंदराम वर्मा ने बताया कि तेज गर्मी के कारण कुलर व पंखों से भी राहत नहीं मिल पा रहा है। इस बार नवतपा में बारिश के बाद नवतपा के आखरी दिनों से रोजाना गर्मी का एहसास हो रहा है। साथ ही गर्मी का मौसम लंबा खींच रहा है। उमस के कारण मौसमी बीमारियां बढ़ने लगी है। डॉक्टरों का कहना है कि उमसभरी गर्मी में खानपान पर लापरवाही बरतने से भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे है। मौसम में उतार, चढ़ाव, होने से सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे है। सरकारी के साथ साथ निजी क्लीनिकों में भी ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

**अनदेखी :** ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों को खुला छोड़ रहे ग्रामीण

# सड़क पर मवेशियों की जान जोखिम में लापरवाही से बेमौत दम तोड़ रहे हैं पशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम्य अंचलों की सड़कों पर मवेशियों का खुलेआम विचरण अब जानलेवा बनता जा रहा है। दर्जनों मवेशी सड़क के दोनों ओर और बीचोंबीच बेखौफ घूमते नजर आ रहे हैं। यह स्थिति न केवल वाहन चालकों के लिए खतरा है बल्कि इन मूक प्राणियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है। सड़क पर मवेशियों की यह मौजूदगी दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रही है। तेज गति से दौड़ते ट्रक और भारी वाहन अचानक सामने आ रहे मवेशियों से टकरा जाते हैं, जिससे कई बार मवेशी बेमौत मारे जाते हैं, वहीं चालक और सवारी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। इस समस्या के पीछे सबसे बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों को खुला छोड़ देना है। चारा-पानी की तलाश में ये पशु सड़कों पर आ जाते हैं और अक्सर वहीं बैठ जाते हैं या झुंड बनाकर चलने लगते हैं।

ग्रामीणों की मानें तो सड़कों पर मवेशियों की उपस्थिति से आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। कई मामलों में मवेशी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, जिन्हें उपचार भी नहीं मिल पाता और वे तड़प-तड़प कर मर जाते हैं। ऐसे मामलों में पशुपालक भी जिम्मेदारी लेने से बचते हैं।स्थानीय प्रशासन और पंचायतों की उदासीनता भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। सड़क किनारे चराई रोकने, मवेशियों के लिए बाड़ेबंदी या गौशालाओं की उचित व्यवस्था न होने से ये मवेशी खुलेआम घूमते हैं। वहीं, कुछ लोग जानबूझकर भी अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं जिससे वे खुद चारा खोज सकें, लेकिन यह आदत अब भारी पड़ने लगी है।समय आ गया है कि इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया जाए। ग्राम पंचायतों को चाहिए कि वे मवेशियों के रखरखाव की समुचित व्यवस्था करें और ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। सड़कों पर मवेशियों को छोड़ना न केवल अमानवीय है ।



### प्रशासन करे कार्रवाई

प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई करें, मवेशी पालकों को जागरूक किया जाए और सड़कों पर पशुओं की आवाजाही को रोकने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं, ताकि इन मूक प्राणियों की जान बेमौत न जाए और आमजन भी सुरक्षित रह सके।

# 10 लीटर महुआ शराब जब्त, 3 युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

स्थानीय पुलिस को पेट्रोलियम के दौरान सूचना मिली कि ग्राम भटगांव के तीन लड़के मोटर सायकिल क्रमांक फैशन प्रो लाल, काला रंग का क्रमांक सीजी 11 सीए 7834 में एक साथ बैठकर ग्राम जोरा से भटगांव देवसागर चौक के तरफ अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु परिवहन करते आ रहे हैं। पीछे में बैठा लड़का अपने हाथ में एक प्लाास्टिक के झोला में महुआ शराब पकड़ा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह साथ लेकर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर जोरा रोड से आ रहे मुखबीर के बताये हुलिये की मोटर सायकिल में आ रहे तीन सवारी मोटर सायकिल को रोककर नाम पता पूछे जो मोटर सायकिल चालक अपना नाम दुष्यंत साहू, बीच में बैठा लड़का अपना नाम विकास पटेल एवं पीछे बैठा लड़का अपना नाम नरेन्द्र कुमार टंडन उर्फ जम्मू, निवासी भटगांव का रहने वाले बताये।

पीछे बैठे नरेन्द्र कुमार टंडन उर्फ जम्मू जिसके हाथ में रखें झोला को चेक कराने ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जनपद अध्यक्ष से मिला ग्रामीण साहू समाज प्रतिनिधिमंडल



**पलारी**। ग्रामीण साहू समाज दतान के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में जनपद कार्यलय में जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव व जनपद उपाध्यक्ष अघनी आडिल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज आडिल से सौजन्य भेंट मुलाकात कर विभिन्न विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में जनपद सदस्य जामवंती साहू, जनपद प्रतिनिधि नीलकमल ▶▶ शेष पेज 13 पर

# हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद उल अजहा का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुस्लिम समाज ने ईद उल अजहा की नमाज़ दो वक्त में पढ़ी। पहली नमाज़ सुबह 6 बजे शहर के हज़रत उमर सुन्नी जामा मस्जिद में पढ़ी गई, ताकि कुर्बानी करवाने वालों को वक्त मिल सके।

दूसरी नमाज़ शहर के रिसदा रोड स्थित ईदगाह में अदा की गई। आपसी सौहार्द एवं भाईचारे त्याग एवं बलिदान के इस त्यौहार में नमाज़ के बाद तकरीर में शहर के इमाम द्वारा बकरीद में पैगंबर इब्राहिम के बलिदान के बारे में बताया। साथ ही साथ समाज के अध्यक्ष की ओर से मुस्लिम धर्म के लोगों से अपील की देश में आपसी सौहार्द बनाकर मुल्क परस्ती में कार्य करें। बकरीद के त्यौहार को सिर्फ मनाने नहीं समझने को कोशिश करें। अपने पैगम्बर के रास्ते को अपनाकर शिक्षित बनें।



### बकरीद पर मौलाना सुफियान रजा ने पढ़ाई नमाज

**हथबंद**। इस्लाम धर्म का त्याग और बलिदान का पर्व ईदुल अजहा बकरीद जामा मस्जिद हथबंद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिद में मौलाना सुफियान रजा ने नमाज पढ़ाई। कौम की तरक्की, खुशहाली और वतन की शांति भाईचारे की दुवा मांगी गई। सभी भाईयों ने आपस में गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर समाज के मुबारक हुसैन, इनायत खान, रज़्ज़ाक खान, हकीम खान, रसीद खान, ताज खान, मुकीम खान, शमीम खान, अनवर खान, डॉ इकबाल हुसैन, यासीन अली, शाहिद खान, अकरम खान, अयफाज खान, मोहसिन खान, फैजल खान उपस्थित थे।



**सामाजिक सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री साव और धन्नू साहू का जताया आभार**

# दतान में बनेगा साहू समाज का भवन, मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

दतान में साहू समाज भवन निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर समाजजनों को बड़ी सफलता मिली है। हाल ही में रायपुर स्थित निवास पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ग्रामीण साहू समाज दतान के प्रतिनिधिमंडल ने भवन निर्माण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की थी।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू, ग्रामीण सचिव विजय साहू और डायमंड सहित अन्य समाजसेवी शामिल थे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से दतान में भवन निर्माण हेतु प्रशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की थी।यह मांग तब और मजबूत हुई जब प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री को यह स्मरण कराया कि दतान में आयोजित आदर्श विवाह कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच से साहू भवन निर्माण का सार्वजनिक आश्वासन दिया था।

प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने तत्काल जिलाधीश को फोन कर आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। अब कलेक्टर कार्यालय से साहू समाज भवन निर्माण के लिए औपचारिक अनुशंसा भी कर दी गई है, जिससे इस कार्य की स्वीकृति का रास्ता साफ हो गया है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर समाजजनों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीण साहू समाज दतान सहित समूचे समाज ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव और प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू के प्रति हार्दिक आभार और धन्यवाद व्यक्त किया है, जिसमें जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकंमल साहू, केशव साहू, हेमकुमार साहू, हेमंत साहू,अध्यक्ष पूरन साहू, पुशराम साहू, केजू राम साहू, डायमंड साहू, मानसिंग साहू, रामलाल साहू सहित ग्रामीण शामिल हैं।



# रोहरा में नये आंगनबाड़ी केंद्र 4 का उन्नयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड के ग्राम पंचायत रोहरा में नए आंगनबाड़ी केंद्र का उन्नयन किया गया। यह बहुप्रतीक्षित मांग थी। अब आंगनबाड़ी खुलने से ग्रामीणों में काफी खुशी की लहर है। इसे खोलने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की भी बड़ी भूमिका है। आंगनबाड़ी उन्नयन अवसर पर अतिथियों द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर रिबन काटकर नया आंगनबाड़ी केंद्र 4 का उदघाटन किया गया। साथ ही मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने उद्बोधन भी व्यक्त किए और आंगनबाड़ी उन्नयन के लिए ग्रामीणों को बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति महिला बॉल विकास विभाग दीप्ति, गोविन्द वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, ▶▶ शेष पेज 13 पर

# नए सत्र से राजधानी में 1422 की जगह 1033 शासकीय शाला, एक ही कैंपस में लग रहे 385 विद्यालय मर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी में नए शैक्षणिक सत्र से स्कूलों की संख्या घटकर 1033 हो जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 1422 शासकीय विद्यालयों में छात्रों को दाखिला दिया गया था, लेकिन सत्र 2025-26 से 1033 स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया होगी। संख्या में यह कटौती स्कूलों को बंद किए जाने के कारण नहीं, अपितु उन्हें आपस में मर्ज किए जाने के कारण हुई है। उदाहरणस्वरूप, यदि किसी बिल्डिंग में प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर-उच्चतम माध्यमिक कक्षाओं की संचालन होता था, तो उसे तीन स्कूल के रूप में गिना जाता था। युक्तियुक्तकरण के बाद इसे एक ही विद्यालय माना जाएगा। इस फॉर्मूले पर जिले के 385 स्कूल मर्ज हुए हैं।

- युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत किया गया मर्ज, अभनपुर के एक व रायपुर के 3 स्कूल समायोजित
- शिक्षकों की आपत्तियों का होगा निराकरण, त्रुटि मिलने पर कार्रवाई की तैयारी



वहीं दूसरी ओर दूरी तथा छात्र संख्या के आधार पर अभनपुर के एक तथा रायपुर के तीन स्कूलों को समायोजित किया गया है। शिक्षकों द्वारा युक्तियुक्तकरण के विरोध के बीच शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता में कलेक्टर गौरव सिंह ने इससे जुड़े तथ्य पेश किए। उनका कहना है कि युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षकों द्वारा जो भी आपत्तियां पेश की गई हैं, उनका निराकरण किया जाएगा।

### ग्रामीण इलाकों में नहीं थे शिक्षक

कलेक्टर का कहना है कि नगरीय इलाकों में शिक्षक अधिक थे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी के कारण शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थी। युक्तियुक्तरण से शिक्षकों की संख्या संतुलति होने तथ परिणाम सुधरने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। समायोजन केवल उन्हीं स्कूलों का किया गया है, जहां छात्र संख्या कम थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 60 विद्यार्थियों पर 2 शिक्षक का नियम है।

### शिक्षकों का आरोप-नहीं मांगी गई दावा आपत्ति

शुक्रवार को दर्जन भर शिक्षक काउंसिलिंग में हुई गड़बड़ी शिकायत करने कलेक्ट्रोट पहुंचे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संगठन मंत्री अवध वर्मा और रायपुर के संगठन मंत्री सुनील नायक का कहना है कि अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार करते समय दावा-आपत्ति नहीं मांगी गई। काउंसिलिंग के दौरान व्याख्याताओं के कुछ रिक्त पदों को प्रदर्शित ही नहीं किया गया। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा तैयार मेरिट लिस्ट पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई स्कूलों के शिक्षकों ने पृथक-पृथक रूप से विभिन्न विसंगतियों को लेकर आरोप लगाए हैं।

## खबर संक्षेप



### डूमरतराई थोक बाजार के निर्विरोध अध्यक्ष बने पाहुजा

रायपुर। प्रेम पाहुजा को सरदार वल्लभभाई पटेल को डूमरतराई थोक बाजार, रायपुर का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। डूमरतराई थोक बाजार के संरक्षक एवं चैंबर सलाहकार अशोक मलानी की उपस्थिति में निर्वाचन बाजार समिति के वरिष्ठों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। श्री पाहुजा का निर्विरोध निर्वाचन उनके व्यापक अनुभव, उत्कृष्ट संगठनात्मक कौशल और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की उनकी क्षमता का प्रमाण है। श्री प्रेम आहूजा के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर चैंबर के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### होटल, बार संचालकों को हाई क्वालिटी कैमरा लगाने निर्देश



रायपुर। होटल, बार तथा रेस्टोरेंट में आए दिन मारपीट तथा अन्य तरह की लगातार घटना सामने आने के बाद शुक्रवार को एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने इन संस्थानों के संचालकों की बैठक ली। बैठक में ग्रामीण के साथ सिटी तथा नवा रायपुर के एएसपी सहित एएसपी क्राइम शामिल हुए। एसएसपी द्वारा आयोजित बैठक में सौ के करीब होटल, बार तथा रेस्टोरेंट संचालक शामिल हुए। बैठक में एसएसपी ने सभी लोगों को प्रोटोकॉल के साथ दिए गए दिशा, निर्देशों का कड़ाई से पालन करने करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी ने होटल, रेस्टोरेंट तथा बार संचालकों को वैद्य लाइसेंस रखने, बार, क्लब को समय पर खोलने एवं बंद करने निर्देश दिए। विशेष आयोजन की पूरी रूप रेखा के बारे में विधिवत अनुमति लेने, मेन गेट, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग एवं अन्य स्थानों पर हाई क्वालिटी कैमरा लगाये जाने के निर्देश दिए गए।बार, क्लब, होटल तथा रेस्टोरेंट में ग्राहकों को आकर्षित करने मुफ्त ड्रिंक के साथ एंट्री की सुविधा देने का इन दिनों प्रचलन चल रहा है।

### जीएसटी बार एसो. के संजय अध्यक्ष, प्रवीण सचिव





रायपुर। जीएसटी बार एसोसिएशन रायपुर की शुक्रवार को वार्षिक आमसभा हुई। आमसभा में जीएसटी बार एसोसिएशन के सचिव अखिलेश अवधिया ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। आगामी वर्ष के लिए आय-व्यय का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष यूसुफ दाउदी ने पेश किया। अध्यक्ष महेश शर्मा के उद्बोधन के बाद नए सदस्यों का स्वागत किया गया। एसोसिएशन के स्टडी सर्किल एवं सेमिनार के वक्ताओं का मोमेंटो द्वारा आभार व्यक्त करने के बाद आगामी वर्ष के लिए चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी डीआर लड्ढा, ललित बांठिया और सुरेश जैन को नियुक्त किया गया। साथ ही आमसभा में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें निम्न पदाधिकारी मनोनीत किए गए जिनके नाम इस प्रकार हैं- अध्यक्ष संजय कंदोई, उपाध्यक्ष मनीष बजाज एवं भाविक शाह, सचिव प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष सीए मौहम्मद यूसुफ दाऊदी, सह सचिव दीपक कामटकर एवं वरुण माहेश्वरी, प्रचार सचिव गोपी चंद लालवानी। सहित उसका डाट एक माह तक सुरक्षित रखने, रूम एंट्री पर आधार एवं पहचान पत्र तथा मोबाईल नंबर को अनिवार्य करने, क्लब, बार में लगने वाले बाउंसर एवं सभी कर्मचारियों की सूची एवं उसका पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम आयोजित होने की स्थिति में भाग लेने वाले कलाकारों एवं इवेंट टीम की विस्तृत जानकारी संबंधित थाना को उपलब्ध कराने एसएसपी ने निर्देश दिए।

## बारिश पूर्व नालों की साफ-सफाई के दावे खोखले साबित हो रहे

# बरसात से पहले नाली-नालों की सफाई नहीं खारुन में भी जा रही चिंगरी नाले की गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बरसात से पूर्व राजधानी रायपुर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई करने के नगर निगम प्रशासन के दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। शहर के प्रमुख चिंगरी नाला सहित अनेकों इलाकों में छोटी-बड़े नाली-नालों की सफाई अभी तक नहीं हो पाई है, जिसके कारण बरसात होते ही इन इलाकों की कई बस्ती एवं कालोनियों से लेकर सड़कों पर बारिश के पानी का भराव होगा, जिसके कारण लोगों की परेशानी बढ़ेगी।

इधर चिंगरी नाला की गंदगी लगातार खारुन नदी में प्रवेश कर रहा है, जिससे नदी का पानी भी दूषित हो रहा है। इस नाले का गंदा पानी नदी में जाने से रोकने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इसके बाद भी नदी में नाले की गंदगी जा रही है।

### आयुक्त-महापौर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए थे निर्देश

बारिश का सीजन शुरू होने से पहले निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी नाली-नालों की सफाई करने के लिए एक अहम बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में सभी जोन कमिश्नरों सहित प्रशासन के आला अधिकारी भी शामिल हुए थे। बैठक आयुक्त विश्वदीप और महापौर मीनल चौबे की उपस्थिति में हुई थी।

बैठक में महापौर ने सख्त निर्देश दिए थे कि बरसात से पूर्व सभी नाली-नालों की सफाई हो जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी जोन कार्यालयों को अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों का बल भी दिया गया था। महापौर ने यह भी कहा कि था कि अगर किसी क्षेत्र में इसके बाद भी नालों की सफाई नहीं होने से जल भराव की स्थिति निर्मित होगी, तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के जोन कमिश्नर जिम्मेदार होंगे। इस निर्देश के बाद भी शहर में अनेकों इलाकों में नाली-नालों की सफाई नहीं हो पाई है।



**चिंगरी नाला की गंदगी से दूषित हो रहा नदी का पानी**

नगर निगम की तरफ से खारुन नदी में गिरने वाले 17 नालों और नालियों के पानी को स्वच्छ करने के लिए निमोरा, कारा, चंदनीडीह और भाठागांव में 240 करोड़ की ज्यादा की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया गया है। भाठागांव में लगाए गए एसटीपी के बाद भी चिंगारी नाले का गंदा पानी के साथ कचरा खारून नदी में प्रवेश कर रहा है। इस नाला में लगातार गंदगी रहती है फिर भी सफाई नियमित नहीं की जाती है, परिणाम स्वरूप नाले की गंदगी नदी में जा रही है।

**बजबजा रहा केनाल रोड से लगा नाला**

रिंग रोड से केनाल रोड जाने वाले मार्ग पर बना नाले की ठीक से सफाई नहीं होने के कारण बजबजा रहा है। इस नाले में भारी गंदगी जमा है, जिसके कारण पानी भी ठीक से बह नहीं रहा है। इस कारण इस नाला से लगातार बदबू उठ रही है।

### शासन को भेजा गया 12 करोड़ का प्रस्ताव

इधर नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि चिंगरी नाले के पास की जमीन की सतह मिट्टी वाली है। बारिश के दिनों में धंस जाती है, वहीं नाले में पानी का बहाव तेज होने से उफान में आ जाता है, जिसके कारण उसकी गंदगी नदी में जाती है।इसे रोकने के लिए नदी के किनारे कांक्रीट का बड़ा नाला बनाया जाएगा, जिसमें 12 करोड़ रुपए की राशि लगेगी। इसके लिए निगम की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। इस पर मुहर लगते ही नाले का निर्माण किया जाएगा।

### सफाई के निर्देश दिए गए

नया नाला बनाने के लिए 12 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने का इंतजार है। फिलहाल नाला और नदी की सफाई के निर्देश दिए गए हैं।

**- अंशुल शर्मा**
ईई
नगर निगम रायपुर

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया दौरा

# एमसीएच कालीबाड़ी को 25 नर्स और पांच डॉक्टर मिलेंगे

### वेटिंग हॉल होगा वातानुकूलित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कालीबाड़ी में संचालित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय मानव संसाधन से लैस होंगे। अस्पताल में 5 डाक्टर और 25 नर्स के साथ अन्य स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ वहां जांच और इलाज के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए वेटिंग हॉल को वातानुकूलित किया जाएगा। अस्पताल परिसर में विधायक निधि से जेनेरिक दवा दुकान में खोली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को कालीबाड़ी के एमसीएच पहुंचे। उन्होंने प्रसव पूर्व निगरानी कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डों में भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधा के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकीय स्टाफ की बैठक लेकर अस्पताल की जरूरतों के बारे में जाना और कमियों को दिसंबर तक दूर करने का आश्वासन दिया। मंत्री को जानकारी दी गई कि आंबेडकर अस्पताल के बाद प्रसव के ज्यादा केस यहीं पूरे किये जाते हैं। यहां ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं, उसकी तुलना में स्टाफ की कमी है। इस आधार पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने वहां 4 मेडिकल ऑफिसर, 25 स्टाफ नर्स, 10 वार्ड आया, 5 वार्ड बॉय, 2 लैब टेक्निशन और 2 लैब असिस्टेंट की पदस्थापना की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अस्पताल परिसर में विधायक निधि से जेनेरिक मेडिकल स्टोर भी खोला जाएगा। अस्पताल में ओपीडी के दौरान होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए परिजनों के लिए अतिरिक्त वेटिंग हाल और अस्पताल के द्वितीय तल पर स्थित हॉल में और कंडीशनर लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री के निरीक्षण के दौरान विधायक सुनील सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एनडीपीएस मामले में हिस्ट्रीशीटर को 10 साल कैद, दो लाख जुर्माना

### जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त चार साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर यासीन अली को एनडीपीएस की स्पेशल कोर्ट ने 10 साल कैद के साथ दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।



जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर कोर्ट ने आरोपी को अतिरिक्त चार साल कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई पंकज सिन्हा की कोर्ट में हुई है। बदमाश के खिलाफ लूट, हत्या सहित कई अन्य मामले पूर्व में दर्ज हैं, जिनकी अलग-अलग कोर्ट में सुनवाई चल रही है। लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार पंडरी थाने की पुलिस ने साइंस सेंटर के पास चार जनवरी 2021 को यासीन अली के कब्जे से 335 ग्राम चरस तथा पांच किलो गांजा जब्त किया था। यासिन अली के कब्जे से पंडरी के तत्कालीन एएसआई जेएस मरावी ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गांजा तथा मादक पदार्थ जब्त किया था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि समाज में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है और ऐसे मामलों में उदारता दिखाने का कोई औचित्य नहीं बनता।

### यासीन के खिलाफ 11 मामले दर्ज

अभियोजन पक्ष के वकील ने कोर्ट को जानकारी देते हुए बताया है कि यासिन के खिलाफ पंडरी, विधानसभा थाना सहित अन्य थाना क्षेत्रों में हत्या, हत्या की कोशिश, लूट, मारपीट, एनडीपीएस, बलवा सहित 11 मामले दर्ज हैं, जिनकी सुनवाई कोर्ट में चल रही है। यासिन के आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी के प्रति किसी प्रकार से कोई नरमी नहीं बरती।

# विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ ने सहायक ग्रेड की सीधी भर्ती का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ ने सहायक ग्रेड के पदों पर सीधी भर्ती संबंधी नियम का विरोध किया है। इसे लेकर संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा है।

- मुख्यमंत्री के नाम से प्रमुख सचिव को सौंपा ज्ञापन

संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि विधि मंत्रालय के सेवा नियम में सहायक ग्रेड का 25 प्रतिशत पद पर सीधी भर्ती से किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिस पर संघ ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि विधि स्नातकधारी अधिकारियों की पूर्ति के लिए सीधी भर्ती के पदों में आने वाले विधि स्नातक योग्यताधारी और न्यायिक सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों से किए जाने के विकल्प खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि



सीधी भर्ती से कर्मचारियों की वरिष्ठता और पदोन्नति पर प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण कर्मचारियों में निराशा उत्पन्न होगी। इसका असर शासकीय कार्य पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से तथा विभिन्न संघ के माध्यम से सीधी भर्ती पर विरोध जताया है। उन्होंने कि सामान्य प्रशासन विभाग ने भी मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय का संदर्भ देकर इस प्रस्ताव को अस्वीकृत किया है। इसे देखते हुए संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से सीधी भर्ती का प्रावधान नहीं किए जाने की मांग की है।

# जेल में मारपीट, आक्रोशित कुनबी समाज ने किया थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्रीय जेल में बंदी के साथ मारपीट करने के आरोप में शुक्रवार देर रात कुनबी समाज तथा मारपीट से आहत पीड़ित के परिजनों ने गंज थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। मारपीट से आहत पीड़ित ने जेल के एक शिक्षक पर मारपीट कराने का आरोप लगाया है।

कुनबी समाज के सचिव श्याम देशमुख 4 जून से किसी मामले में जेल में बंद थे। श्याम के साथ समाज के अध्यक्ष देवराज पारधी और पुरुषोत्तम तोंडरे भी जेल में बंद थे। तीनों शुक्रवार देर शाम जेल से रिहा हुए। जेल से बाहर निकलने के बाद श्याम देशमुख सीधे अपने परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने अपने परिजनों को जेल के भीतर हुई मारपीट की घटना की जानकारी दी। श्याम देशमुख ने



आरोप लगाया कि जेल के शिक्षक नेतराम नागतोड़े ने न केवल उनके साथ दुर्व्यवहार किया, बल्कि अन्य कैदियों से मिलकर उनके साथ मारपीट भी कराई और उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

घटना की जानकारी मिलने के बाद कुनबी समाज के सदस्य रात में बड़ी संख्या में गंज थाने पहुंच गए। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

समाज के सदस्यों ने इसे न सिर्फ व्यक्तिगत हमला बताया, बल्कि पूरे समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य करार दिया। पुलिस ने शिकायत लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। समाज के लोगों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## सीबीएसई का प्रयोग, बच्चों को समझने में मिलेगी मदद

# प्राचार्यों सहित काउंसलर्स की भी होगी काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड देशभर के प्रिंसिपलों व स्कूलों के काउंसलरों की काउंसलिंग करेगा। बोर्ड जून के मध्य से प्रिंसिपल व स्कूल काउंसिलर के लिए करियर जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू करने जा रहा है।


- छात्रों को कॅरियर चुनने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए नई व्यवस्था

इसके तहत उन्हें प्रवेश परीक्षाओं और कॅरियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी जाएगी। इन जागरूकता कार्यक्रमों में प्रिंसिपल व काउंसिलर स्वयं सीख कर छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक और कॅरियर के अवसरों के बारे में जागरूकता फैला सकेंगे। सीबीएसई क्रमबद्ध रूप से इसका आयोजन करेगा। सीबीएसई के अनुसार आज की वैश्वीकृत दुनिया में छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों, छात्रवृत्ति और उभरते करियर के बारे में जानकारी तक पहुंच होना जरूरी है। सीबीएसई के अनुसार एनईपी 2020 स्कूलों में मजबूत परामर्श प्रणाली के महत्व पर जोर देती है।

ऐसे में बोर्ड करियर जागरूकता कार्यक्रम श्रृंखला शुरू करने जा रहा है। सीबीएसई की ओर से इस संबंध में स्कूलों को एक लिंक भेजा गया है। इसके माध्यम से वह पंजीकृत हो सकते हैं। प्रिंसिपल व परामर्शदाता इंटर्नशिप, व्यावसायिक प्रशिक्षण, और छात्रवृत्ति की जानकारी बेहतर तरीके से छात्रों तक पहुंचा सकेंगे।

### माशिम कर रहा ऑनलाइन काउंसिलिंग

सीबीएसई द्वारा जहां पूरे वर्ष छात्रों की काउंसिलिंग की जाती है तो वहीं माशिम परीक्षा के दौरान तथा परिणाम आने के कुछ दिनों बाद तक ही छात्रों के लिए टेलीकाउंसिलिंग की सुविधा देता है। प्राचार्यों की ट्रेनिंग अथवा वर्षभर चलने वाली गतिविधियों के लिए कोई शेड्यूल माशिम द्वारा फिलहाल नहीं बनाया गया है।




### रहते हैं असमंजस में

बोर्ड के अनुसार, छात्रों को उचित विकल्प और प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। वर्तमान में कई तरह के क्षेत्र छात्रों के लिए खुले हुए हैं। इंटरनेट और रिल्स के दौर में छात्र स्वयं भी असमंजस में रहते हैं कि उन्हें कौन सा क्षेत्र में जाना है। इस कारण वे कई बार गलत क्षेत्र का चुनाव कर लेते हैं और बेतहर कॅरियर नहीं बना पाते। इसे देखते हुए सीबीएसई द्वारा कोशिश की जा रही है कि छात्रों के मनोविज्ञान को समझते हुए वे उन्हें सही मार्गदर्शन दें।

# पार्सल बदलकर 20 हजार डॉलर चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

देवेंद्र नगर तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने विदेशी मुद्रा के कारोबार करने वाले एक कारोबारी के 20 हजार डॉलर का पार्सल बदली कर चोरी करने के आरोप में मुद्रा कारोबारी के कर्मी तथा टूर एंड ट्रैवल्स में काम करने वाले कर्मी को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की रकम बरामद कर ली है। जब्त डॉलर की कीमत 17 लाख 30 हजार रुपए है। पार्सल बदलकर डॉलर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने पंडरी, मोवा निवासी साहिल गोधवानी, आयरिश जुनैद को गिरफ्तार किया है। नरुल हुसैन फरार है। सतीश जादवानी ने





पार्सल बदली होने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। सतीश ने पुलिस को बताया है की बुधवार को उसने डॉलर लिफाफा में भरकर बस के माध्यम से नागपुर भेजा था। दूसरे दिन नागपुर से उसे कॉल कर पार्सल बदली होने की जानकारी मिली। इसके बाद सतीश ने घटना की शिकायत थाने में की। पुलिस ने बीके ट्रैवल्स में लगे सीटीवी कैमरों की जांच कर सतीश के यहां काम करने वाले कर्मियों से पूछताछ की। पूछताछ में साहिल बार-बार बयान बदल रहा।

## खबर संक्षेप

### दानीटोला में फिर चला चाकू, युवक गंभीर

**धमतरी।** शुक्रवार की रात्रि दानीटोला में हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है। महिमासागर वार्ड में गुरूवार की रात्रि मामूली बात पर हुई चाकूबाजी की घटना में युवक की मौत होने के मामले को पुलिस सुलझाकर ही हटी थी कि 24 घंटे के भीतर दानीटोला में फिर चाकूबाजी की घटना हो गई। दानीटोला के बैगापारा में शुक्रवार की रात्रि विकास ध्रुव पिता बल्लूराम उम्र 21 वर्ष के पेट में दो लोगों ने चाकू घोंप दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल लाया गया। घायल की गंभीर हालत को देख डाक्टर ने उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया। घायल युवक को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं चाकू मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। युवक पर चाकू से हमला करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### सभी 8 ओवरहेड टैंक की सफाई 14 जून से

**धमतरी।** जल विभाग के अध्यक्ष एवं एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगरनिगम सभी ओवरहेड टैंक की सफाई साल में दो बार करता है। इस वर्ष भी महापौर के निर्देशानुसार 15 जून से पहले सभी 8 ओवरहेड टंकी की सफाई विशेषज्ञ कर्मचारियों द्वारा शुरू की जाएगी तथा सप्ताह भर के अंदर कंप्लीट कर ली जाएगी। इसके बाद फिल्टर प्लांट की सफाई की जाएगी ताकि लोगों को साफ, स्वच्छ, शुद्ध पानी मिलता रहे। श्री सोनकर ने बताया कि टैंकों की सफाई वैज्ञानिक तरीके से की जाती है जिसके लिए बाहर के विशेषज्ञ टीम को बुलाया जाता है। सभी ओवरहेड टैंक की सफाई 14 जून से चालू की जाएगी जिसे सात दिन में कंप्लीट कर लिया जाएगा। सफाई के दौरान उसे क्षेत्र में कुछ समय के लिए पानी सप्लाई बंद रहेगी।

### नशाखोरी और अपराध को बढ़ावा दे रही भाजपा सरकार : गीतराम

**धमतरी।** शहर में बढ़ते अपराध के ग्राफ को लेकर युवा नेता गीतराम सिन्हा ने एक बार फिर साय सरकार को निशाने पर लिया है। आगे कहा कि 18 महीनों की यह सरकार कानून व्यवस्था कायम रखने में नाकाम साबित हुई है। शहर में चाकूबाजी से कई हत्याएं हो चुकी हैं। व्यापारियों पर दिनदहाड़े गोली चलाई जा रही है। शहर से कानून का भय खत्म हो गया है। शराबबंदी का झूठा वादा लेकर प्रदेश में सरकार बनाने वाली प्रदेश की भाजपा की साय सरकार आज जगह-जगह शराब दुकान एवं शराबियों के लिए सर्वसुविधा युक्त अहाता केंद्र संचालित कर रही है। अवैध शराब और प्रतिबंधित नशाओं के सेवन से आज शांतप्रिय धमतरी बढ़ते अपराध के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की।

### बिच्छू के डंक से सात साल की बच्ची की मौत

**धमतरी।** जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी सात साल की बच्ची को बिच्छू ने डंक मार दिया। इस घटना में बच्ची की मौत हो गई। बिच्छू के डंक से मौत होने की यह दूसरी घटना है। बारिश के मौसम में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ जाता है। खेत-खलिहान, पैरावट, पेड़ या घर में लोग अक्सर जहरीले जीवों की चपेट में आ जाते हैं। ज्यादातर लोग खेत में काम करते समय बिच्छू डंक या सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। इन घटनाओं में तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल जाने से मरीज की जान बच जाती है। वहीं कुछ केस में मरीज की मौत हो जाती है। कुछ इसी तरह की घटना शुक्रवार को मगरलोड के ग्राम परसवानी में हुई। कु. खिलेश निषाद पिता रूपेश उम्र 7 वर्ष दूसरी कक्षा की छात्रा थी। शुक्रवार की दोपहर बच्ची अपने साथी बच्चों के साथ गांव के सड़क किनारे स्थित जामुन पेड़ पर जामुन तोड़ने के लिए गई थी। बच्ची पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रही थी। इसी दौरान बिच्छू ने बच्ची को डंक मार दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन बच्ची को उपचार के लिए मेघा अस्पताल ले गए।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधारोपण, पौधों की देखभाल करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

वन प्रबंधन समिति धमनी एवं ग्राम पंचायत संरपच द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत जनपद पंचायत पलारी के अंतर्गत आने वाले जंगलों में पौधारोपण किया गया। ग्राम पंचायत खैरी, ग्राम पंचायत धमनी, ग्राम पंचायत मुड़ियाडीह में भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

वन विभाग प्रबंधन समिति धमनी ने जंगलों से प्लास्टिक समेत अन्य कचरे को साफ किया। ग्राम पंचायत खैरी के स्कूल के प्रांगण, तथा पंचायत भवन में पौधे लगाए गए। वहां के ग्रामीणों ने व स्कूली बच्चों ने पौधों की देखभाल करने की शपथ ली। वही एक ओर ग्राम पंचायत धमनी के बने गौशाला, स्कूल, तालाब किनारे पौधे लगाए गए। ग्राम पंचायत मुड़ियाडीह के सामुदायिक भवन, जनचौपाल, आंगनबाड़ी केंद्र पर पौधे लगाए गए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बताया गया कि जिस प्रकार बेटा अपने मां बाप का बुढ़ापे में सहारा बनता है, उसी प्रकार पौधों के वृक्ष बनने तक प्रतिदिन पानी देना होगा, जिससे छांव, फल मिल सके। वन प्रबंधन समिति विभाग और अन्य तीनों ग्राम पंचायत ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने और प्लास्टिक का उपयोग कम करने की अपील की।

## जनपद पंचायत क्षेत्र में जगह- जगह रोपे गए पौधे



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामायणनारायण यादव, परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष ठाकुर, मनबोधन टंडन, चंद्र कुमार पैकरा जनपद सदस्य पलारी, हरदयाल पैकरा संरपच धमनी, चितेरखा, लक्ष्मीनारायण घृतलहरे सरपंच खैरी, अनिता, लिंकन, गोयल सरपंच मुड़ियाडीह, मनीष घृतलहरे जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़, उपसरपंच मिनेंद्र यादव धनी, रामायण डहरिया उपसरपंच खैरी, भागचंद कलिहारी, रितिक घृतलहरे, मनमोहन रात्रे, जगमोहन रात्रे आदि मौजूद रहे।

**वितरण : बारिश में किसानों और मजूदरों को मिलेगी बड़ी राहत**

# हितग्राहियों को तीन माह का एकमुश्त मिला राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के कबीर दास वार्ड क्रमांक 06 में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर चावल उत्सव मनाया गया। जहां राशनकार्ड धारियों को तीन महीने का चावल एक साथ वितरण किया जा रहा है, आपको बता दे कि शासन के द्वारा 1 जून से 7 जून तक चावल तिहार योजना के तहत जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन एक साथ दिया जा रहा है। इधर हितग्राहियों को तीन माह का चावल एकमुश्त मिलने पर सरकार का आभार जताया है, मिली जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग द्वारा 1 जून से पूरे प्रदेशभर में चउर तिहार मनाने का घोषणा किया था जिस घोषणा पर अब अमल हो रहा है और शासकीय उचित मूल्य कि दुकानों में जून माह से तीन माह का चावल और जून माह का शक्कर और नमक भी वितरण किया जा रहा। शनिवार को कसडोल नगर पंचायत के वार्ड 6 में संचालित राशन दुकान पर कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष और नपा उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप नवदीप मानिकपुरी, पार्षद भानु प्रताप साहू, सुंदर साहू, नीरज साहू और वार्ड 06 के पार्षद प्रतिनिधि विमल वैष्णव के द्वारा नगर के पात्र हितग्राहियों को तीन माह का राशन वितरण किया। जिसमें नपा अध्यक्ष श्री साहू ने नगर के आमजनों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। श्री साहू ने आगे कहा कि यह उत्सव सरकार के द्वारा किसानों को आगामी वर्षों ऋतु में किसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े इस उद्देश्य से राशन बांटा जा रहा है, जिसपर किसान और बीपीएल परिवार सरकार के इस योजना से संतुष्ट है, इस अवसर पर भारी संख्या में राशन कार्डधारी तीन माह का राशन लेने पहुंचे थे वहीं उनके चेहरे पर खुशी का माहौल देखने को मिला।



## तीन माह का राशन एक साथ पाकर हितग्राहियों में खुशी



**भवानीपुर।** मां कर्मा महिला स्व सहायता समूह लटेरा भवानीपुर द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान पर छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की जनहितैषी योजना के तहत अंचल के विभिन्न ग्रामों के राशन दुकानों पर चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें हितग्राहियों को एक साथ जून, जुलाई और अगस्त महीने का निःशुल्क राशन वितरित किया गया। इस पहल से लाभार्थियों को बार-बार राशन दुकान आने की झंझट से मुक्ति मिली है, जिससे वे अपने दैनिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। तीन महीने का राशन पाकर हितग्राहियों में उत्साह राशन दुकानों पर लंबी कतारों के बजाय इस बार हितग्राही एक बार में ही तीन महीने का राशन प्राप्त करके प्रसन्न नजर आए। कई लाभार्थियों ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से किसानों और मजदूर वर्ग के लिए वरदान साबित होगी, क्योंकि बारिश के मौसम में वे खेती-बाड़ी के काम में व्यस्त रहते हैं। इस अवसर पर सरपंच प्रेमिन लहरे, उपसरपंच फागू राम सेन, सचिव नरेंद्र चंद्राकर, रोजगार सहायक रोहित कुमार साहू, देवेन्द्र साहू, तोरण नेताम, झब्बू ध्रुव, नूतन निषाद, राजू साहू, सुमृति साहू, कुलेश्वर साहू, धर्मेन्द्र साहू, हेमंत लहरे, लक्ष्मी यादव, रुक्मणि ध्रुव, दुर्गा यादव, नेमकुमारी यादव, मां कर्मा स्व सहायता समूह के सदस्य एवं विक्रेता सोहन लाल ध्रुव सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





# विश्व पर्यावरण दिवस पर लगा विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा विशेष साक्षरता शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत बुड़गहन, भड़हा, नवागांव में ग्रामीणों तथा मनरेगा श्रमिकों के बीच पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता के साथ ही साथ राष्ट्रीय विधिक साक्षरता प्राधिकरण नालसा की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिंटियर शंकर लाल साहू व तुलेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा। बता दें कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा नालसा के निःशुल्क विधिक सलाह व सहायता योजना, बालकों के मैत्रीपूर्ण संबंधों व संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं 2015, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं 2015, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं 2016, नालसा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन 2015, लोक अदालत, जनोपयोगी लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई।

पीएम शासकीय भरत देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में आयोजित समर कैंप में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से बाल अधिकार, बाल भिक्षावृत्ति, बाल-विवाह के रोकथाम, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 व 181 तथा 112 हेल्पलाइन नंबर के संबंध में बालकों को बताया गया न्याय सबके लिए।

# प्रधानपाठक को 7 माह से वेतन नहीं मिला, संगठन में नाराजगी

**मुड़पार सरसीवां।** समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्रावन के प्रधान पाठक कमलेश कुमार भारती को विगत सात माह से वेतन का भुगतान नहीं किया है। शिक्षक संगठन ने नाराजगी जताते हुए शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से प्रधानपाठक का तनख्वाह जारी करने की मांग की है।



शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक एवं छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू ने बताया कि डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़ लक्ष्मी प्रसाद पटेल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्रावन प्रधान पाठक कमलेश कुमार भारती को विगत सात माह से वेतन भुगतान न कर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रधानपाठक कमलेश भारती का विगत माह नवंबर 2024 से माह मई 2025 तक कुल सात माह का वेतन आहरण नहीं किया गया है। जिससे संबंधित प्रधानपाठक कमलेश कुमार भारती मानसिक रूप से काफी परेशान है। लंबे समय तक वेतन भुगतान नहीं करने से वे आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं।कमलेश भारती लगातार अपने स्कूल जाकर अध्ययन अध्यापन का कार्य करने सहित सभी शासकीय कार्य सफलतापूर्वक कर रहे है। इस संबंध में बिलाईगढ़ बीईओ सत्यनारायण साहू से उनका पक्ष जानने मोबाइल से संपर्क किया तो उन्होंने मोबाईल रिसीव नहीं किया। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बीईओ द्वारा प्रधान पाठक का वेतन पत्रक बनाया गया था लेकिन डीईओ ने पीड़ित प्रधान पाठक का वेतन रुकवा दिया है।

# सशिमं में ग्राम भारती नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग जारी

**पलारी।** सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण मे दस दिवसीय ग्राम भारती नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के चौथे दिन वंदना सत्र में अतिथि विपिन बिहारी वर्मा संरक्षक सदस्य सिद्ध बाबा शिक्षण समिति पलारी और संदीप वर्मा पूर्व प्रचारक व छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने अपने विषय भारतीय संस्कृति शिक्षा के मूल्य विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि शिक्षा तो सभी विद्यालयों में दी जाती है। विद्यार्थियों को जब तक भारतीय संस्कृति की शिक्षा न दी जाए तो वो भारतमाता के प्रति निष्ठावान नहीं बन पाएंगे। हमारी शिक्षा पद्धति में आज यही दोष देखने को मिलता है जिससे युवा भटकते जा रहे हैं। सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा का मुख्य ध्येय ही है बच्चों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराएं।



### तूता विद्यालय रहा प्रथम

अन्य विषयों में तोलाराम यादव जिला ग्राम भारती समन्वयक ने बहु अंतः विषयक पर शिक्षण कराया। वहीं एक कालखंड में वर्गाधिकारी डोमार वर्मा एवं सर्वब्यवस्था प्रमुख नीलकंठ यादव ने गतिविधि आधारित शिक्षा पर मार्गदर्शन किया। गतिविधि आधारित शिक्षा के अंतर्गत शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण स्थल पर स्थित वस्तुओं के नाम 5 मिनट में लिखने को कहा गया। जिसमें 57 वस्तुओं के नाम लिखकर तूता विद्यालय प्रथम रहे।

# हरिद्वार से आए ज्योति पुंज दीपक का सुहेला क्षेत्र में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

शांतिकुंज हरिद्वार से आए दिव्य शक्तिपुंज दीपक का सुहेला क्षेत्र में स्वागत करते हुए श्रद्धा और आस्था का अनूठा माहौल देखने को मिला। यह दिव्य दीपक 1926 से प्रज्वलित है और शांतिकुंज की तपोभूमि से जुड़ी हुई मानी जाती है। वर्तमान में यह दीपक पूरे भारतवर्ष में भ्रमण करते हुए लोगों को धर्म, शांति, और सदाचार की प्रेरणा दे रहा है। सुहेला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों बासीन, अमेरी, झीपन, रवेली, रावन, तिल्दाबांधा सहित अन्य गांवों में दीपक के दर्शन हेतु ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गांव की गलियों में विशेष रूप से बनाए गए रथ पर दीपक को विराजमान कराकर बाजे गाजे के साथ भ्रमण कराया गया। इस दिव्य ज्योति के दर्शन कर ग्रामीणों ने इसे शुभ और आध्यात्मिक अनुभव बताया। ग्रामीणों ने ज्योतिपुंज के स्वागत में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं दीप यात्रा जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर इसे ऐतिहासिक बना दिया।

■ ग्रामीणों में उमड़ी श्रद्धा की लहर



### क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का हो रहा संचार

स्थानीय लोगों का मानना है कि इस दीपक से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है और समाज में शांति, सद्भावना तथा व्यसनों से मुक्ति का संदेश प्रसारित हो रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में आध्यात्मिक चेतना जागृत कर धर्म के प्रति आस्था को सुदृढ़ करना है। इसके साथ ही व्यसन मुक्ति, समाज में शांति की स्थापना तथा सांस्कृतिक पुनर्जागरण को भी बल देना है।

**किसानों को सशक्त बनाने आईसीएआर-एनआईबीएसएम वैज्ञानिकों का क्षेत्रीय भ्रमण**

# किसान जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धति के प्रति हुए जागरूक

हरिभूमि न्यज ▶▶| खरोरा

देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के वैज्ञानिकों की एक टीम ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलोंरायपुर, दुर्ग, धमतरी, बलौदाबाजार, बेमेतरा, महासमुंद और गरियाबंद में व्यापक क्षेत्रीय भ्रमण किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. पीके राय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में, वैज्ञानिकों ने स्थानीय किसान समुदायों के साथ गहन संवाद कर उन्हें लाभकारी, सतत तथा जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कृषि चौपालों, फील्ड डेमोन्स्ट्रेशन और जन-जागरूकता शिविरों के माध्यम से वैज्ञानिक जानकारी को सीधे किसानों तक पहुँचाया गया, जिससे अनुसंधान और जमीनी कार्यान्वयन के बीच की खाई को पाटने का प्रयास किया गया। इस अभियान में भाग लेने वाले वैज्ञानिकों में डॉ. आरके मुरली बस्करन, प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. केसी शर्मा, प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. एसके जैन, प्रमुख वैज्ञानिक, डॉ. लता जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. श्रीधर जे, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. ललित लक्ष्मण खरबिकर, वैज्ञानिक, डॉ. योगेश योले, वैज्ञानिक, डॉ. श्रावणी सान्याल, वैज्ञानिक, डॉ. प्रियंका मीना, वैज्ञानिक, डॉ. निरंजन प्रसाद एचपी शामिल थे। किसानों से बातचीत के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों पर जानकारी साझा की गईः जलवायु-अनुकूल फसल किस्मों का प्रचार-प्रसार, माइक्रो-सिंचाई तकनीकों को अपनाने की जानकारी, उच्च उत्पादन देने वाले एवं रोग प्रतिरोधी बीजों का वितरण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती के तरीके, सरकारी योजनाओं एवं अनुदानों की जानकारी, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) को सशक्त बनाना किसानों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, अपने खेतों से जुड़े अनुभव साझा किए और उन्हें स्थल पर ही तकनीकी सलाह एवं स्थानीय भाषा में जानकारीपूर्ण साहित्य प्रदान किया गया। इस पहल ने किसानों की समस्याओं का समाधान देने के साथ-साथ उन्हें खरीफ सीजन में उत्पादकता और प्रतिरोधकता बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया।



## पेज 11 के शेष

### 10 लीटर महुआ....

बोला तो झोला को खोलकर दिखाया जिसके अंदर सफेद प्लास्टिक मजबुत झिल्ली में भरी हुई करीबन 10 लीटर अवैध हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब मिली। इस संबंध में मौके पर नरेन्द्र टंडन एवं मोटर सायकिल चालक दुष्यंत साहू व अवैध शराब परिवहन करने में सहयोगी विकास पटेल को अवैध रूप से शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में कोई वैध कागजात हो तो पेश करने नोटिस दिया नोटिस, पाकर नरेन्द्र कुमार टंडन के द्वारा कोई वैध कागजात नहीं होना लिखित में दिया। नरेन्द्र कुमार टंडन के कब्जे से 01 एक प्लास्टिक झोला करीबन 10 लीटर अवैध हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब जुमला 10 लीटर किमती 2000 रूपये एवं दुष्यंत साहू के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकिल फैशन प्रो को जब्त किया। आरोपीयों के विरूद्ध धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के अर्न्तगत कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है।

### जनपद अध्यक्ष से ...

साहू, सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम फेकर, ग्रामीण अध्यक्ष पूरन साहू, संरक्षक रामसिंग साहू, उपाध्यक्ष मानसिंग साहू, सचिव विजय साहू, सलाहकार दरस साहू, प्रमुखों में साहस साहू, हेमलाल साहू, विद्याभूषण साहू, डायमंड साहू, देवनाथ सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे।

### रोहरा में नया...

सिमगा जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, रोहरा सरपंच गुलाब साहू, भाजपा नेता मनराखान यदु, नंदकुमार मांडले, लीलेश्वर साहू, संजय, अजीत साहू, अंगद यदु, राकेश साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बहनोई ने की मारपीट

**महासमुंद।** मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सदानंद रात्रे पिता दुकालू रात्रे (36 साल) ननकुसियाडीपा सावित्रीपुर ने बताया कि 6 जून को करीब 4.15 बजे बहनोई राज उसकी बहन भद्रा को लेने के लिए आया था, उसकी बहन भद्रा ने अपने पति के साथ जाने से मना कर दिया। जिससे राज गुस्से में आकर प्रार्थी की भांजी को जबरदस्ती लेकर भाग रहा था, जिसे वह छुड़ाने के लिए गया। उसी समय आरोपी राज ने डंडे से सिर पर मारा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### चावल उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए पार्षद

**महासमुंद।** शहर के राम वाटिका स्थित राशन दुकान में शुक्रवार को हितग्राहियों को 3 माह का राशन एकमुश्त वितरण कर चावल उत्सव की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर रहे। इस अवसर पर बीपीएल, एपीएल कार्डधारियों को सुचारू रूप से राशन मिले व किसी भी प्रकार की समस्या न रहे और हितग्राहियों को कोई परेशानी ना हो ऐसा निर्देश देते हुए भाजपा पार्षद ने राशन का वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। हितग्राहियों ने कहा कि भाजपा की सरकार के चावल उत्सव कार्यक्रम में तीन माह का राशन एकमुश्त मिलने से वार्ड के हितग्राहियों ने खुशी जाहिर की।

### ग्राम विकास समिति में चुने गए पदाधिकारी

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम ग्राम कोसरंगी में ग्राम विकास समिति में निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए। इममें संरक्षक प्रेमलाल टोंडरे, अध्यक्ष जीवन लाल यादव, उपाध्यक्ष शीतल कुमार साहू, कोषाध्यक्ष श्याम लाल बंजारे, सचिव लुकेश कुमार निषाद, अध्यक्ष जीवनलाल यादव चुने गए। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम का विकास पहली प्राथमिकता रहेगी। ग्राम में अबैध गतिविधियों में रोक लगाना, अबैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई गई।

### महेश नवमीं पर योगिता ने किया रक्तदान

**महासमुंद।** महेश्वरी समाज की वंशोत्पति दिवस महेश नवमी पर्व पर आयोजित रक्तदान शिविर में आरोग्य चिल्ड्रन हॉस्पिटल की संचालिका एवं चिल्ड्रन स्पेशलिस्ट डा. योगिता राठी ने शांतीनाथ जैन भवन में रक्तदान किया। साथ ही समाजजनों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. योगिता राठी ने बताया कि रक्तदान महादान है। जरूरतमंद मरीजों के जीवन को रक्त देकर बचाया जा सकता है। स्वस्थ मानव को रक्तदान करना चाहिए, इससे शरीर स्वस्थ रहता है। खून की पूर्ति खून से ही हो सकती है, इसके लिए अलग से कोई फैक्ट्री नहीं होती है। रक्तदान कर एक व्यक्ति दूसरे जरूरतमंद की मदद कर सकता है।

## कलश यात्रा के साथ भगवान भुतेश्वर नाथ के पुनर्स्थापना समारोह का शुभारंभ...

**बलौदाबाजार।** भगवान भुतेश्वर नाथ की पुनर्स्थापना पर जिले के सोनपुरी स्थित बाबा भुतेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ रही है। सैकड़ों वर्ष पूर्व स्थापित मंदिर का नवनिर्माण कर भगवान भुतेश्वर नाथजी को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। तीन दिनों तक आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति संगीत का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर शनिवार को महिलाओं ने नगर में कलश यात्रा निकाली और जल लेकर सोनपुरी स्थित मंदिर पहुंचे। 7, 8, 9 जून को आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ तीन दिनों तक विशेष पूजा अर्चना कर भगवान शिव की आराधना पुनर्स्थापना 9 जून को विधिविधान के साथ स्थापित किया जायेगा। इसे लेकर शिवभक्तों में उत्साह है और पूरी तैयारी में भुतेश्वर नाथ मंदिर समिति के सदस्य जुटे हैं।





### उद्यानिकी विभाग विशेष पिछड़ी जनजाति को दे रहा सब्जी और फल उत्पादन का प्रशिक्षण

# आदिवासी महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की नई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आदिवासी महिलाओं के पोषण स्तर और आर्थिक सुदृढ़ीकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा सार्थक पहल की गई है। उद्यानिकी विभाग द्वारा कसडोल विकासखंड के ग्राम बल्दाकछार की विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की महिलाओं को सब्जी और फल उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह पहल की गई है। सोनी ने कहा कि पोषक सब्ज़ियों को आहार में शामिल करने से महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार आयेगा। वहीं अधिक मात्रा में उत्पादन होने पर महिलायें सब्जियों का विक्रय कर आमदनी भी अर्जित कर पाएंगी।



### नार वाली फसलों में स्टेकिंग और ट्रेलिंग का प्रशिक्षण

इसके अलावा महिलाओं को नार वाली फसलों में स्टेकिंग और ट्रेलिंग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके अलावा मनरेगा मद से एक एकड़ भूमि में मिश्रित फल पौध रोपण का कार्य किया गया है जिसमे आम, अमरूद, कटहल, सीताफल, आंवला और जामुन के लगभग 100 पौधे लगाये गए हैं। साथ ही उद्यानिकी विभाग के तकनीकी निर्देशन में इन महिलाओं को फलदार पेड़ों की दस हज़ार नर्सरी उत्पादन का कार्य भी कराया जा रहा है। विभाग द्वारा आगामी समय में अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित करने के प्रयास किये जाएंगे।



### पौष्टिक सब्ज़ियों को आहार में शामिल करें

सहायक संचालक उद्यानिकी आभा पाठक ने बताया कि बल्दाकछार में हंस वाहिनी स्व सहायता समूह की महिलाएं फूलबाई, फुलेश्वरी, देशियाबाई, पुन्नी बाई, सहोदरा बाई, केरो बाई, सुखवंतीन, बुधारबाई और दिल कुमारी ने सब्ज़ी उत्पादन कार्य में रुचि दिखाई जिसके बाद उद्यानिकी विभाग द्वारा इन महिलाओं को सब्ज़ी उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को फल सब्ज़ी उत्पादन के लिए शासकीय ज़मीन उपलब्ध कराई गई है जहां पर मौसमी सब्ज़ियां जैसे भिंडी, बरबट्टी, करेला, लौकी, लाल भाजी, करमता भाजी, पालक भाजी इत्यादि का रोपण किया गया है। पहले चरण में महिलाओं द्वारा क़रीब 6 किलो भाजी की तोड़ाई की गई है, जिसका उपयोग महिलाओं द्वारा अपने घरेलु भोजन में किया गया। आने वाले एक महीने में भिंडी और बरबट्टी की भी फसल तैयार हो जाएगी।

## नर्सिंग के छात्रों ने किया मिल्क प्लांट का भ्रमण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लाईफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग बलौदाबाजार के पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने खरोरा में मिल्क प्लांट प्रक्रिया जो वचन दुग्ध के नाम से संचालित है को समझने खरोरा स्थित शारदा मिल्क प्लांट पहुंचे।

बीएससी नर्सिंग की पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के विषय कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग में मिल्क प्लांट प्रक्रिया प्रोजेक्ट में शामिल है, जिसके अंतर्गत नर्सिंग छात्रों के लिए मिल्क प्लांट (दुग्ध संयंत्र) एक महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र है। यह छात्रों को दूध के उत्पादन, प्रसंस्करण और वितरण के बारे में जानकारी देता है। यह उन्हें दूध प्रक्रिया को देखकर छात्र काफ़ी उत्साहित नज़र आए। मिल्क प्लांट प्रकिया का दौरा लाइफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के स्टाप टीचर एवं पंचम सेमेस्टर के 50 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## महिला के इलाज के लिए एक लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार



गरीबी के चलते ईलाज कराने में अक्षम मरीज के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख की राशि स्वीकृत हुई। इस चेक को नगर के वार्ड 11 पहंदा रोड निवासी महिला के इलाज के लिए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की पहल पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने केजिया बाई सेन पिता दुखुराम सेन को कैंसर के ईलाज के लिए घर पहुंच कर प्रदान किया। ज्ञात हो कि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने पीड़ित मरीज या इलाज करने में सक्षम नहीं होने वाले व्यक्ति व परिवार को रायपुर से साधन उपलब्ध करा कर अस्पताल तक ईलाज लेकर जाने वह अन्य कार्यों में सहयोग प्रदान करने की व्यवस्था रखी है।

## जन-जागरण मिशन ने किया प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

समीपस्थ ग्राम बिलासपुर में जनजागरण मिशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन गुरु घासीदास चौक बिलासपुर में किया गया। इसमें ग्राम स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों तथा नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि जनजागरण मिशन द्वारा ग्राम स्तर पर विभिन्न रचनात्मक कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में यह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्ष टाटा सरपंच रामकुमारी साहू, मुख्य अतिथि बिलासपुर सरपंच मीना साहू, विशिष्ट अतिथि दशरथ लाल साहू, घुराऊ जायसवाल, शिवनाथ साहू द्वारा भारत माता की संक्षिप्त पूजन से हुआ। समारोह में कक्षा 12वीं की छात्रा दिशा साहू 81 प्रतिशत को प्रथम, गौतमी जायसवाल 76.6 प्रतिशत को द्वितीय, हिमानी साहू 72.8 प्रतिशत को तृतीय, कक्षा 10 वीं के छात्रा प्रेरणा साहू 89.66 प्रतिशत को प्रथम,लवेन्श कुर्रे 83.6 प्रतिशत को द्वितीय तथा गरिमा जायसवाल 80 प्रतिशत को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में समिति के सदस्य धनेश्वर प्रसाद साहू ने सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर सरपंच से गांव में ओपन जीम लगाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य धनेश्वर प्रसाद साहू, राकेश डहरिया, गंगा राम साहू, अखिलेश्वर, हितेश, राजेन्द्र, पुरुषोत्तम, घनश्याम, सचिन, जीवन, गौरव, डॉ. खगेश साहू का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



### घर में उचित माहौल तैयार करें ताकि बच्चे अपने लक्ष्य को आसानी से पा सके



नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु ग्राम टाटा-बिलासपुर से चयनित कुंजल साहू, हिमेश साहू, मयंक साहू, कशिश साहू व लवन्या साहू को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के रूप में प्रत्येक प्रतिभागी को मोमेन्टो व सम्मान पत्र प्रदान किया गया। जनजागरण समिति के राजेश जायसवाल ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर तदनुसार दिनचर्या व आगे की तैयारी करने की सलाह दी। जायसवाल ने बच्चों को अच्छे साहित्य पढ़ने व अच्छे लोगों की संगति करने का महत्व बताते हुए ऐसा करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में पालकों से निवेदन किया कि घर में उचित माहौल तैयार करें ताकि बच्चे अपने लक्ष्य को आसानी से पा सकें। दशरथ लाल साहू ने बच्चों को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बालिकाओं की तुलना में बालकों के गिरते शैक्षिक स्तर पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम को टाटा सरपंच रामकुमारी साहू, बिलासपुर सरपंच मीना साहू एवं घुराऊ जायसवाल ने भी सभा को संबोधित किया। सभी अतिथियों ने जनजागरण मिशन के कार्यों की सराहना की और अनुदान भी प्रदान की। अनुदान देने वालों में प्रेम दीप कुर्रे, बिलासपुर सरपंच मीना साहू,टाटा सरपंच रामकुमारी साहू, दशरथ लाल साहू एवं शिवनाथ साहू हैं।

### युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में होगी शिक्षकों की पूर्ति

**नर्रा।** युक्तियुक्तकरण से संकुल केंद्र नर्रा और परसुली संकुल के अंतर्गत आने वाले हाईस्कूल, प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शालाओं में वर्षों से शिक्षकों की कमी थी, जिससे बच्चों की पढ़ाई, अध्यापन कार्य प्रभावित होता था। अब राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी और कठोर फैसले से शहरों में अतिशेष रहने वाले शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। क्षेत्र के इन स्कूलों में शिक्षकविहीन या एकल शिक्षकीय नहीं होगा। जैसे प्राशा मुड़पार, नक्टापार, झिटकी, परकोम आदि स्कूलों में जो वर्षों से एकल शिक्षकीय थे अब इनमें शिक्षकों की पदपूर्ति हो गई है। इससे आने वाले नए शिक्षा सत्र में इन शालाओं में बेहतर पढ़ाई हो सकेगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर संयंत्र में रोपे पौधे

**बलौदाबाजार।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अल्ट्राटेक रावन लाजिस्टिक विभाग द्वारा संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव और मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत कर्मचारियों एवं ट्रक ड्राइवरों को अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा पर्यावरण के महत्व के बारे में प्रेरित किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाजिस्टिक विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आमिय पात्रो (पीएलएच), प्रकाश जेना, युगल शर्मा, अभिषेक बाजपायी, कृष्णा साहू, विजय वर्मा एवं परमेश्वर की उपस्थित रही ।

### नगर पालिक अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

# 23 लाख से बनेगी क्रांकीट सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड 12 में रिसदा मुख्य मार्ग से वृद्धाश्रम एवं वार्ड 11 जाने के लिए कांक्रीट सड़क निर्माण किये जाने भूमि पूजन किया गया। उक्त कार्य हेतु नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा घोषणा की गई थी। निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित कार्य योजना के अनुरूप अधोसंरचना मद से 23 लाख राशि स्वीकृत होने उपरांत विकास कार्य पूर्ण कराए जाने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा भूमि पूजन किया गया व विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर कर कार्य आरंभ कराया गया। साथ में वार्ड 12 के पार्षद गौतम चौहान सहित सभापति जितेंद्र डड़सेना, पार्षद सलमान शेख, सुरेश घृतलहरे भी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए व पूजा अर्चना की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष जैन द्वारा तैयार कार्य योजना के अनुरूप शीघ्र कार्य प्रारंभ कराए जाने निर्देशित किया गया एवं शासन द्वारा नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव सहयोग किये जाने की बात कही गई तथा वार्ड का भ्रमण कर वार्ड वासियों से चर्चा की।

भूमि पूजन पर नगरपालिका के उप अभियन्ता विनोद यादव, वार्ड 12 के पवन नायक भाजपा नेता पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, मनी कोसले, बाजारू कोसले, महफूज अंसारी, संतोषी कसेर, विनय पंजवानी, रामबाबू यादव,प्रकाश सिंह चौहान, रज्ज़ाक खान, मेहरून निशा, कौशर परवीन, सुशील कसार, सोनी सेन गुरुदत्त तिवारी, सहित वार्ड क्रमांक 12 के नागरीकरण व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
.सिर दर्द (माईग्रेन)
.मिर्गी.लकवा
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411